**प्रादेशिक समाचार**
**दिनांक– 26.09.2025 (दोपहर – 1455 बजे)**

********************

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने आज नई दिल्ली स्थित राष्ट्रपति भवन के सांस्कृतिक केंद्र में प्रतिष्ठित राष्ट्रीय भूविज्ञान पुरस्कार 2024 प्रदान की। राष्ट्रीय भूविज्ञान पुरस्कार भूविज्ञान के क्षेत्र में देश के सबसे पुराने और प्रतिष्ठित सम्मानों में से एक हैं। पुरस्कार विजेताओं को बधाई देते हुए राष्ट्रपति ने कहा कि ये पुरस्कार भूविज्ञान के क्षेत्र में उनकी प्रतिबद्धता, नवाचार और उत्कृष्टता को सम्मानित करने के लिए दिए जाते हैं।

********************

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज कहा कि उनकी सरकार ने महिलाओं को केंद्र में रखकर कई योजनाएँ और कार्यक्रम शुरू किए हैं जिनसे समाज के हर वर्ग को लाभ हुआ है। बिहार के लिए मुख्यमंत्री महिला रोज़गार योजना के शुभारंभ के अवसर पर नई दिल्ली से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बोलते हुए, प्रधानमंत्री ने नवरात्रि के पहले दिन से जीएसटी दरों में की गई कटौती का भी ज़िक्र करते हुए कहा कि इससे महिलाओं और गृहिणियों को घरेलू बजट संतुलित करने में मदद मिलेगी क्योंकि रोज़मर्रा की ज़रूरतों वाली चीज़ों की क़ीमतें कम हो गई हैं।

********************

देश की छह दशकों की सेवा के बाद, भारतीय वायु सेना के दिग्गज लड़ाकू विमान मिग–21 को आज अंतिम विदाई दी गई। यह विदाई समारोह चंडीगढ़ एयरबेस पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान, वायु सेना प्रमुख एयर मार्शल एपी सिंह और अन्य गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति में आयोजित किया गया। मिग–21 का संचालन एक औपचारिक फ्लाईपास्ट के साथ संपन्न हुआ। एयर चीफ मार्शल एपी सिंह ने बादल 3 के नाम से स्क्वाड्रन की अंतिम उड़ान भरी।

इस अवसर पर श्री सिंह ने 1971 के भारत–पाकिस्तान युद्ध में मिग–21 की भूमिका की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कई अवसर आए हैं जब मिग–21 ने अपनी निर्णायक क्षमता साबित की है।

********************

खूंटी में मुरहू नारी शक्ति किसान प्रोड्यूसर कंपनी की 7वीं वार्षिक आमसभा आयोजित की गई, जिसमें मुख्य अतिथि विधायक राम सूर्या मुंडा ने ग्रामीण महिलाओं के योगदान की सराहना करते हुए बताया कि संस्था से जुड़कर महिलाएं आत्मनिर्भर बनी हैं और पलायन में 65: की कमी आई है। अध्यक्ष मोनिका मुंडू ने बताया कि 2018 में गठित इस कंपनी से 3766 महिला समूह जुड़े हैं और अब तक 21.38 करोड़ का कारोबार हुआ है। कंपनी बीज, उर्वरक, सब्ज़ी, लाह उत्पादन, पशुपालन और बाजरा प्रसंस्करण जैसे क्षेत्रों में कार्य कर रही है और आधुनिक कृषि अवसंरचना से महिलाओं को सहयोग मिल रहा है। वहीं नीति आयोग की दीपशिखा ने कहा कि महिलाओं को शिक्षा और स्वास्थ्य क्षेत्र में भी सहयोगी भूमिका निभानी होगी।

********************

जमशेदपुर के मानगो, जेएनएसी और जुगसलाई नगर परिषद की ओर से इस बार दुर्गापूजा महोत्सव में स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण को लेकर लोगों के बीच जागरूकता बढ़ाने के मकसद से स्वच्छ पूजा पंडाल प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी।

********************

रांची समेत कई जिलों में वज्रपात के साथ रुक रुक के बारिश हो रही है। मौसम विभाग ने अगले तीन घंटों के लिए रांची, खूंटी और रामगढ़ के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है और गरज के साथ बारिश और बिजली गिरने की आशंका जताई गई है। इस दौरान 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज़ हवाएं चल सकती हैं। विभाग ने लोगों को खुले स्थान और पेड़ों के नीचे नहीं जाने तथा किसानों को अपनी फसलों की सुरक्षा करने की सलाह दी है।

*******समाप्त**************